>

Title: Need to release remaining funds for Brihan Mumbai Storm Water Drainage Project in Maharashtra.

श्री एकनाथ महादेव गायकवाड (मुम्बई दक्षिण-मध्य): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान "बृहन मुंबई स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज प्रोजेक्ट" की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ।

महोदया, केन्द्र सरकार ने मुंबई वासियों को बरसात के समय बाढ़ से निजात दिलाने हेतु बृहन मुंबइ स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। इस परियोजना के लिए केन्द्र सरकार ने 1200 करोड़ रूपये स्वीकृत किए थे। जिसकी पहली किस्त 500 करोड़ रूपये के रूप में केन्द्र सरकार से प्राप्त हो गई थी और उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र बृहन मुंबई महानगर पालिका ने केन्द्र सरकार को सितम्बर, 2009 में जमा करा दिया था किन्तु परियोजना की शेष राशि (700 करोड़ रूपये) अभी भी केन्द्र सरकार की ओर से प्राप्त नहीं हुई हैं।

अतः मैं केन्द्र सरकार से प्रोजेक्ट की शेष बकाया राशि 700 करोड़ रूपए जल्द निर्गत करने का आग्रह करता हूँ।